# University in News on 18 August 2025

## i-NEXT PAGE 5



### यूनिवर्सिटीज में भी रौनक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लखनऊ यूनिवर्सिटी, एकेटीयू, बीबीएयू, केएमसी, शकुंतला मिश्रा जैसी यूनिवर्सिटीज और नेशनल पीजी, केकेसी, एपी सेन कॉलेज भी आजादी के रंगों में सराबोर नजर आए.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने कला संकाय प्रांगण में ध्वजारोहण किया। भातखंडे संस्कृति विवि में हुए कार्यक्रम में कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, मनीष कुमार कुशवाहा, डॉ. रुचि खरे व अन्य लोग मौजूद रहे। बीबीएयू में विवि की ओर से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले और अद्वितीय परिवर्तन लाने वाले 12 विभूतियों को अलंकृत किया गया। राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी ने मुख्य भवन व संस्थान के दूरस्थ अनुसंधान केंद्र बंथरा में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके अलावा सभी 56 राजकीय विद्यालय और माध्यमिक विद्यालयों एवं परिषदीय विद्यालयों में झंडारोहण किया गया। नेशनल पीजी कॉलेज, केकेसी पीजी कॉलेज, कालीचरण पीजी कॉलेज, नगर निगम डिग्री कॉलेज, केकेवी पीजी कॉलेज, शिया पीजी कॉलेज, क्रिश्चियन कॉलेडज, विद्यांत हिंदू कॉलेज, नवयुग कन्या महाविद्यालय, आईटी पीजी कॉलेज, आईटी पीजी कॉलेज, नेताजी सुभाष चंद्र बोस कॉलेज, दीन दयाल उपाध्याय राजकीय गर्ल्स कॉलेज।

## HINDUSTAN PAGE 10

### कैंपस में हुए आयोजन

लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने उन वीर सैनिकों के प्रति गहन श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की, जिनके अद्वितीय बलिदान से देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। वहीं केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने ध्वजारोहण किया। बीबीएयू में स्वतंत्रता दिवस पर अनेक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 लोगों को स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र व शॉल देकर सम्मानित किया गया। यहां कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने तिरंगा फहराया। डॉ. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. संजय सिंह तिरंगा फहराया। वहीं एकेटीयू में कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय ने ध्वजारोहण किया।

## NBT PAGE 6




**लखनऊ यूनिवर्सिटी:** कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में त्याग, सत्याग्रह और अहिंसा स्वतंत्रता संग्राम के मूल स्तंभ रहे हैं।

## JAGRAN CITY PAGE III

### विभागों की होगी रैंकिंग, गाइडलाइन जारी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षिक वर्ष 2024-25 के लिए अपने सभी विभागों की रैंकिंग करेगा। इसके लिए कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने सभी विभागाध्यक्षों को विस्तृत गाइडलाइन और सूचना का प्रारूप जारी किया है। विभागों को 25 अगस्त तक यह सूचनाएं अधिष्ठाता एकेडमिक्स के पास उपलब्ध करानी होंगी। इसके बाद निर्धारित कमेटी रैंकिंग के मानकों के अनुसार ग्रेड देंगे।

अंतर विभागीय रैंकिंग के लिए आठ पेज का प्रारूप जारी किया गया है। इसमें हर विभाग को एक जुलाई 2024 से 30 जून 2025 तक एकेडमिक रिपोर्ट देनी है। जैसे विभाग में संचालित कोर्स का नाम, उसका स्तर, छात्र-छात्राओं की कोर्स वार संख्या, इंटर्नशिप करने वालों की संख्या, नेट-जेआरएफ स्कालरशिप पाने वालों की सूची, शिक्षकों की संख्या, नान टीचिंग स्टाफ, दी गई अवधि में कितने रिसर्च प्रोजैक्ट मिले, किताब प्रकाशन का विवरण, पेटेंट, मिले अवार्ड, किए गए सेमिनार, पैकेज, ई-कंटेंट डेवलपमेंट का विवरण, शिक्षकों पर दिए गए वर्कलोड का विवरण, 10 साल का विभागीय रोड मैप, आदि 34 बिंदुओं पर रिपोर्ट देनी होगी।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लविवि छात्रों ने चलाया जागरुकता अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधिक जागरुकता कैंप लगाया जिसमें ग्रामीणों को उनके मौलिक अधिकारों से लेकर जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। विश्वविद्यालय के प्रो बोनो क्लब द्वारा चंदाकोडर ग्राम पंचायत में स्वतंत्रता दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधि संकाय के अंतर्गत संचालित प्रो बोनो क्लब ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बख्शी का तालाब, लखनऊ स्थित चंदाकोडर ग्राम पंचायत, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी में ध्वजारोहण समारोह के उपरांत एक विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

### आजादी के महोत्सव की रही विश्वविद्यालयों में धूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न सरकारी एवं निजी कार्यालयों, विभिन्न संगठनों ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आमजन ने घरों पर झंडा फहराकर आजादी का जश्न मनाया। लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद कहा कि, त्याग, सत्याग्रह और अहिंसा महान स्वतंत्रता संग्राम के मूल स्तंभ रहे हैं। डॉ. राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. अमर पाल सिंह, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कुलपति आचार्य संजय सिंह, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने ध्वजारोहण किया। भाषा विवि में पहली बार 50 लाख रूपये के कार्पस फंड की स्थापना की गई है। विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा के अंतर्गत प्रतियोगिताओं के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।



लविवि में झंडारोहण करतीं कुलपति डॉ. मनुका खन्ना।

म